पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02/2019, सो०–......792......

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी**

**(सामान्य प्रशासन विभाग)**

प्रेषक,

**डॉ० बी० राजेन्दर,**
प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग–सह–
मिशन निदेशक।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,** सभी विभाग।
**पुलिस महानिदेशक,** बिहार, पटना।
**सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,** बिहार।
**सभी जिला पदाधिकारी,** बिहार।

पटना, दिनांक–...10/03/2023...

विषयः– **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) अंतर्गत Data Capture Format (DCF) का शुद्धिकरण तथा Current Entry को अद्यतन करने के सम्बंध में।**

प्रसंगः– मिशन कार्यालय का पत्रांक–511, दिनांक–21.02.2022, पत्रांक–1299, दिनांक–31.05.2022 एवं पत्रांक–1620, दिनांक–28.06.2022 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में कहना है कि राज्य के नियमित कर्मियों की सेवा पुस्तिका के अभिलेख का सितम्बर, 2019 तक का Data Capture Format (DCF) में की गयी प्रविष्टियों का मिलान कर त्रुटियों का निराकरण निर्धारित अवधि में सुनिश्चित करने तथा Current Entry को 15 जून, 2022 तक अद्यतन करने हेतु अपने सभी अधिनस्थ कार्यालय प्रधानों को निदेश देने का अनुरोध किया गया था। Current Entry का पुराना इन्द्राज Display पर उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण इसका अद्यतीकरण में कठिनाई में सूचना के साथ कार्य में बाधा से विभिन्न कार्यालयों द्वारा अवगत कराया गया है। इस समस्या को दूर कर दिया गया है। सितम्बर, 2019 तक के सेवा अभिलेख के संबंध में भी मात्र 65 प्रतिशत कार्यालयों द्वारा शुद्धिकरण की कार्रवाई प्रारंभ की गयी है। ऐसे में परियोजना लागू करने में कठिनाई है।

HRMS फेज–1 अंतर्गत 1 अप्रैल, 2023 से ई–सेवापुस्त पर कार्मिकों का आपत्ति प्राप्त करने हेतु इसे Go-Live किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि राज्य के सभी नियमित कर्मियों का DCF में छुटे हुये इन्द्राज के साथ अशुद्ध प्रविष्टियों का शुद्धिकरण तथा Current Entry में अभिलेख अद्यतीकरण दिनांक–25.03.2023 तक सुनिश्चित करने एवं आगे Current Entry प्रविष्टि जारी रखने का निदेश अपने सभी अधीनस्थ कार्यालय प्रधानों को देने की कृपा की जाय।

**कृपया इसे उचित प्राथमिकता दी जाय।**

विश्वासभाजन,

Sd/- 7.3.2023

**(डॉ० बी० राजेन्दर)**
प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग–सह–
मिशन निदेशक।

E:\ROHIT BPSM\HRMS\BPSM-HRMS-02-2019.DOCX

ज्ञापांक: बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02/2019 सो० 792, दिनांक 10/03/2023

प्रतिलिपि:

1. सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. M/s KPMG, Patna/M/s IPE Global, पटना को कृपया सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि ई–सेवापुस्त के साथ Scanned सेवापुस्त अभिलेख सभी कर्मियों को प्रदर्शित करने हेतु सॉफ्टवेयर स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाय।

B Rajender
7-3-2023

प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन
विभाग–सह–मिशन निदेशक।

E:\ROHIT BPSM\HRMS\BPSM-HRMS-02-2019.DOCX